वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 314 मंगलवार 12 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर





# श्रीरामलला सरकार के द्वार पर राजस्थान सरकार

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिपरिषद् के सहयोगियों एवं विधायकों के संग किए अयोध्या में रामलला के दर्शन

## रोम-रोम में बसने वाले राम की महिमा पूरी दुनिया में, पहले टेंट में देखा था, अब भव्य-दिव्य मंदिर में दर्शन कर हुआ अभिभूतः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर/अयोध्या. कासं

भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को अपने मंत्रिपरिषद् के सदस्यों और विधायकों के साथ पहली बार अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर देश- प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री शर्मा जब मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अयोध्या पहुंचे तो एकबारगी ऐसा लगा मानो श्रीरामलला सरकार के द्वार पर उनके दर्शन करने पूरी राजस्थान सरकार ही पहुंची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम हमारी आस्था के केन्द्र हैं, वे हमारे रोम-रोम में बसे हैं। इस दुनिया में सब कुछ करने वाले राम हैं। सब राम की ही महिमा है। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में भगवान रामलला के टेंट में दर्शन किए थे, अब इस भव्य और दिव्य मंदिर में भगवान के दर्शन करना अभिभूत करने वाला है। रामलला के दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों एवं अन्य सहयोगियों के साथ जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए पूरे श्रद्धा भाव के साथ सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों और कारीगरों से आत्मीयता पूर्वक संवाद किया। साथ ही, उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र पदाधिकारियों से मुलाकात भी की। अयोध्या पहुंचते ही, मुख्यमंत्री शर्मा



यहां स्थित दशरथ कुंड में अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर की ओर से आयोजित सरस्वती देवी शिव किशन दम्मानी भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन की पूर्णाहुति में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उन्हें आज अयोध्या की पवित्र भूमि पर भगवान श्रीराम मंदिर के नव्य और भव्य मंदिर में शीश नवाने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बना यह विराट एवं सुंदर मंदिर रामभक्तों की जिजीविषा और उनके पांच सौ साल के संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि रामभक्त के तौर पर उन्हें भी राम जन्मभूमि आंदोलन में योगदान देने का अवसर मिला था। उन्होंने आंदोलन के अनुभव भी साझा किए। शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### राज्य सरकार की उपलब्धियों की चर्चा

मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3,000 वरिष्ठ तीर्थयात्रियों को अयोध्या की यात्रा करवाई जा रही है। जयपुर से अयोध्या के लिए विशेष विमान सेवा शुरू की गई है। राजस्थान के सात संभाग मुख्यालयों से रामलला के दर्शन हेतु राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसें चलाई हैं। उन्होंने इस अवसर पर माहेश्वरी समाज की परोपकार भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज सदैव ही मानव कल्याण की संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करता रहा है।

देश में अध्यात्म और सांस्कृतिक क्षेत्र के विकास कार्यों को समर्पण के साथ पूरा करवा रहे हैं। सनातन संस्कृति के प्रतीक मंदिरों का जीर्णोद्धार और विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों देशवासियों के तप से बना अयोध्या का नव्य-भव्य-दिव्य मंदिर विश्व भर के श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रहा है। अयोध्या अपनी भव्यता, इतिहास, संस्कृति और आस्था के लिए जानी जाती है। सप्तपुरी नगरों में अयोध्या का स्थान सर्वोपरि है। अयोध्या का वर्तमान स्वरूप देख कर इस नगरी का वह सुंदर दृश्य जीवंत हो गया है जिसका वर्णन तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस में किया है।

भगवान महावीर के 2622 वें जन्मोत्सव समारोह के अन्तर्गत

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा

मुख्य प्रायोजक: R K GROUP, Kishangarh, Rajasthan, www.rkmarble.com | www.wondercement.com, WONDER CEMENT

सह प्रायोजक: ARL, ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक: समाचार जगत

# हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन

## शनिवार, 16 मार्च 2024

समय : सायं 7.00 बजे से

:: स्थान ::

भट्टारक जी की नशियां,

नारायण सिंह सर्किल, टोंक रोड़, जयपुर

## आमंत्रित कविगण



श्री सुरेन्द्र यादवेन्द्र (बारां) (ठहाका सम्राट)

श्री संजय झाला (जयपुर) (हास्य कवि)

श्री अशोक चारण (चौकड़ी) (वीररस कवि)

डा. कविता दीपिका माही (जयपुर) (कवयित्री)

श्री दीपक पारीक (भीलवाड़ा) (हास्य कवि)

श्री प्रहलाद चांडक (जयपुर) (ओजस्वी गीतकार)

श्री अशोक भाटी (उज्जैन) (संचालक व हास्य कवि)

## आमंत्रित अतिथिगण

समारोह गौरव: श्रीमान् अशोक जी पाटनी, श्रीमती सुशीला जी पाटनी — आर. के. मार्बल ग्रुप

समारोह गौरव: श्रीमान् नन्द किशोर जी पहाड़िया, श्रीमान् प्रमोद जी पहाड़िया — ए. आर. एल. ग्रुप

समारोह गौरव: श्रीमती त्रिशला जी (धर्मपत्नी स्व. श्री राजेन्द्र के. गोधा), श्रीमान् शैलेन्द्र जी गोधा, श्रीमान् निशान्त जी गोधा — दैनिक समाचार जगत

मुख्य अतिथि: श्रीमान् सुनील जी जैन (सी.ए.) — प्रमुख समाज सेवी

अध्यक्षता: श्रीमान् सुरेन्द्र जी जैन पाण्ड्या — कार्याध्यक्ष : दि.जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन

दीप प्रज्ज्वलनकर्त्ता: श्रीमान् उमराव मल जी संघी — अध्यक्ष-श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद्

विशिष्ट अतिथि: श्रीमान् महेश जी काला — राष्ट्रीय मंत्री : भा. दि.जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी, अध्यक्ष : वीर सेवक मण्डल

विशिष्ट अतिथि: रोटेरियन श्रीमान् सुधीर जी जैन गोधा — संस्थापक अध्यक्ष : धर्म जागृति संस्थान

विशिष्ट अतिथि: श्रीमान् निर्मल जी सौगानी — सदस्य-नेशनल रोड़ सेफ्टी कॉउन्सिल (NRSC)

गौरवमय अतिथि: श्रीमान् आशीष-निधी बाकलीवाल — प्रमुख समाज सेवी (दिल्ली)

गौरवमय अतिथि: श्रीमान् पीयूष-मोनाली सोनी जैन — अध्यक्ष : जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी एवं प्रमुख समाज सेवी

**आप सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।**

### आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक

रक्तदान जीवन दान

## विशाल रक्तदान शिविर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये।
चलो रक्तदान करे और करवाये ॥

भगवान महावीर की 2622 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत **मानव सेवार्थ 2550 यूनिट रक्त एकत्र करने के विशाल लक्ष्य** के साथ विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से लगभग **50 स्थानों पर रक्तदान शिविर** आयोजित किये जायेंगे।

### 48 मण्डलों पर 48 दीपकों से भक्तामर अनुष्ठान



समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेन्द्र के. गोधा जी की पुण्य स्मृति में

**तृतीय जीवन रक्षक सम्मान समारोह-2024**

रक्तदान शिविर आयोजन में सहयोग करने वाली संस्थाओं का सम्मान

शनिवार, 20 अप्रेल 2024, समय : सायं 7.00 बजे से

स्थान : छतरी वाला भाग, भट्टारक जी की नशियां, जयपुर

**सहयोगी दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ::** जयपुर मेंन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, नवकार, जैन भारती, मैत्री, डायमंड, वर्धमान, पार्श्वनाथ, तीर्थंकर पिंक पर्ल, वात्सल्य, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वीर, स्वस्तिक, विराट, मालपुरा, गंगापुर सिटी, दौसा, सीकर, श्री महावीर जी, प्रज्ञा (निवाई)

**ग्रुप संयोजक ::** धनु कुमार जैन, श्रीमती सुशीला बड़जात्या, कैलाश चन्द बिंदायका, मोहनलाल गंगवाल, श्रीमती प्रमिला शाह, सुनील बड़जात्या, राजेन्द्र सेठी, अनिल पाटनी, रवि सेठी ईजी. पी.सी. छाबड़ा, डॉ.मोहन लाल जैन 'मणी', राजेश चौधरी, अनिल टोंग्या, श्रीमती शकुन्तला बिन्दायका, महावीर बोहरा, नीरज जैन, सतीश बाकलीवाल, बसंत जैन

## आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मनीष-शोभना लोंग्या अध्यक्ष | राकेश-समता गोदिका संस्थापक अध्यक्ष | सुरेन्द्र-मृदुला पाण्ड्या संरक्षक | दर्शन-विनिता जैन संरक्षक | विनोद-शशि तिजारिया संरक्षक | राजेश-जैना गंगपाल संरक्षक | दिनेश-संगीता गंगवाल परामर्शक | राजेश-रानी पाटनी सचिव |
| संजय-ज्योति छाबड़ा वरिष्ठ उपाध्यक्ष | राकेश-रेणु संघी वरिष्ठ उपाध्यक्ष | चक्रेश-पिंकी जैन उपाध्यक्ष | विनोद-हेमा सोगानी उपाध्यक्ष | अनिल-निशा संघी उपाध्यक्ष | सुनील-सुनीता गोदिका उपाध्यक्ष | राजेश-रितु छाबड़ा संगठन सचिव | |
| अनिल-अनिता जैन संगठन सचिव | प्रदीप-प्राची बाकलीवाल संयुक्त सचिव | चेतन-डॉ.अनामिका पापड़ीवाल संयुक्त सचिव | कमल-मंजु ठोलिया सांस्कृतिक सचिव | राजेन्द्र-कुसुम जैन खेल सचिव | दिलीप-प्रमिला जैन कोषाध्यक्ष | | |

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल-ज्योति चौधरी ❊ डॉ अनुपम-विनीता जैन ❊ नितेश-मीनू पाण्ड्या ❊ सपन-रजनी छाबड़ा ❊ पंकज-नीना जैन

विशेष आमंत्रित : अनिल-प्रेमा रांवका, अशोक-अर्चना पाटनी ❊ अशोक सेठी

## आयोजन समिति

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दर्शन बाकलीवाल मुख्य समन्वयक | राकेश गोदिका मुख्य समन्वयक | | | |
| सुरेन्द्र पाण्ड्या परामर्शक | राजेश गंगवाल परामर्शक | विनोद तिजारिया परामर्शक | दिनेश गंगवाल परामर्शक | |
| संजय छाबड़ा समन्वयक | राकेश संघी समन्वयक | अनिल संघी समन्वयक | चक्रेश जैन समन्वयक | अनिल रावंका समन्वयक |
| राजेश छाबड़ा समन्वयक | राजीव जैन समन्वयक | कमल ठोलिया सह-समन्वयक | प्रदीप जैन बाकलीवाल सह-समन्वयक | अनिल जैन चौधरी सह-समन्वयक |
| नितेश पाण्ड्या संयोजक | सपन छाबड़ा संयोजक | सुधीर गोधा संयोजक | | |

**सम्पर्क सूत्र :: 9414078380, 9414073035, 9785074581, 9829594488, 9414041225**

## निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजेश बड़जात्या अध्यक्ष | अनिल जैन IPS संस्थापक अध्यक्ष | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या परामर्शक | नवीन सेन जैन परामर्शक | यश कमल अजमेरा निवर्तमान अध्यक्ष | अतुल बिलाला पूर्व अध्यक्ष | सुनिल बज कार्याध्यक्ष | सुरेश जैन (बांदीकुई) कार्याध्यक्ष | पारस कुमार जैन कोषाध्यक्ष | निर्मल संघी महासचिव |

SURYAVANSHI JEWELLERS

083025 81569

SB-155 A, Sawai Mansingh Rd, Tonk Road, Lalkothi, Jaipur, Rajasthan 302015


Printed by : VARDHMAN PRINTERS # 9314263204

# दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप वीर

(अन्तर्गत दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन)

दैनिक भास्कर
मीडिया पार्टनर

## राजस्थान जैन युवा महासभा

विद्याधर नगर जोन एवं मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्त्वाधान में

## नि:शुल्क बहुचिकित्सकीय जाँच व परामर्श शिविर एवं सम्मान समारोह

**रविवार, 17 मार्च 2024**
समय : प्रात: 9:00 बजे से 3:00 बजे तक

**स्थान : श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पार्क, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर**

नोट : समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देनेवाली महिलाओं एवं विभुतियों का सम्मान

### :: विशाल रक्तदान शिविर ::

सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति – पत्र एवं जीवन सुरक्षा हेतु हेलमेट देकर सम्मानित किया जायेगा।

### :: सहयोगी संस्थाये ::

विश्व स्वास्थ्य संगठन, सेहत साथी फाउंडेशन, एस.के.सोनी ब्लड बैंक, शंकरा आई हॉस्पिटल, शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल, क्लोव डेंटल, वेलोज ई.एन.टी. सॉल्यूशंस

### शिविर में उपलब्ध नि:शुल्क सुविधायें

**नि:शुल्क परामर्श**
हृदय रोग विशेषज्ञ
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
जनरल फिजिशियन
स्त्री रोग विशेषज्ञ
हड्डी रोग एवं फिजियोथैरेपी
आहार विशेषज्ञ
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**नि:शुल्क जाँचें**
ब्लड प्रेशर शुगर (RBS)
मोटापे की जाँच (BMI)
हड्डियों की जाँच (BMD)
ई.सी.जी. नसों की जाँच (VPT)
खून की जाँच (CBC)
कोलेस्ट्रॉल की जाँच (LIPID PROFILE)
शुगर की तीन माह की जाँच (HBAIC)
थायरॉइड की जाँच (TSH)
किडनी की जाँच (RFT), नेत्र जाँच, दंत जाँच

**नि:शुल्क दवाईयों का वितरण**

**नि:शुल्क नजदीक की दूरी के चश्मों का वितरण**

### :: कार्यक्रम गौरव ::

**समाज श्रेष्ठि श्री कमल कुमार जी प्रभाचन्द जी, नरेश जी, अमित जी चांदवाड**
(निदेशक KMT Logistics),

**श्रीमती दिया कुमारी जी**
(उप मुख्यमंत्री राज.सरकार)

**समाज श्रेष्ठि श्री नंदकिशोर जी प्रमोद जी पहाड़िया**
(चेयरमेन एवं निदेशक ARL GROUP),

### :: विशिष्ट अतिथि ::

डॉ. श्रीमती सौम्या गुर्जर (महापौर नगर निगम ग्रेटर, जयपुर), समाज श्रेष्ठि श्री संजय जोशी (प्रसिद्ध समाज सेवी एवं निदेशक SKJ), समाज श्रेष्ठि श्री निरंजन कुमार जी, नितेश कुमार, योगेश पहाड़िया (प्रसिद्ध समाज सेवी), समाज श्रेष्ठि श्री तारेश जैन (समाज सेवी), समाज गौरव श्री रिषभ जैन (गोल्ड मेडलिस्ट बैंडमिटन, साउथ एशियनगेम्स दुबई 2023, श्री लंका 2018,, नेपाल एवं नेशनल गेम्स शिमला और गोवा)

## वेद ज्ञान

### सकारात्मक सोच से ही जीवन में सफलता

प्रत्येक व्यक्ति सफल होना चाहता है। जब वह असफल होता है तो खीझकर अपनी असफलता के बिंदु तलाशने लगता है कि आखिर कहां कमी रह गई? असफल होने के पीछे सबसे बड़ी वजह व्यवहार कुशलता की कमी है। वे लोग जो अधिक परिश्रमी नहीं हैं, लेकिन व्यवहार कुशल हैं तो वे प्रतिभाशाली और मेहनती लोगों से अधिक सफलता हासिल कर लेते हैं। मोटिवेशनल स्पीकर विली जॉली इस बारे में कहते हैं, ऐसा क्यों है कि कुछ लोग जिस चीज में भी हाथ डालते हैं, वह सोना बन जाती है, जबकि दूसरे कई लोग लक्ष्य पर कभी निशाना ही नहीं लगा पाते? इसका जवाब यह है कि वे लोग सफलता की विधि जानते हैं। जिस तरह केक या कचौड़ी बनाने की एक विधि होती है, उसी तरह सफलता की भी एक विधि होती है। इस विधि में अनेक मिश्रणों का घोल शामिल है जिनमें व्यवहार कुशलता, संकल्प, श्रम और सकारात्मक सोच शामिल है। वे लोग जो सामाजिक परिवेश में संकुचित और शर्मीले होते हैं अक्सर आत्मविश्वास की कमी से असफलता के शिकार हो जाते हैं। उन्हें यह अहसास ही नहीं होता कि असफल होने में उनकी किस्मत का नहीं, बल्कि उनके व्यवहार कुशल न होने का दोष है। व्यवहार कुशल व्यक्ति न केवल खुद कामयाब होता है, बल्कि अपनी संगति में आने वाले लोगों का भी सफलता से साक्षात्कार कराने में सहायक होता है। व्यवहार कुशल होना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं है, बस इसके लिए आपको एक सरल सा कार्य करना है कि आप लोगों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप अपने साथ चाहते हैं। यदि महज इस छोटी सी बात को अच्छी तरह समझकर प्रयोग में लाया जाए तो न केवल असंख्य लोग असफल होने से बच सकते हैं, बल्कि वे अपनी सफलता के मापदंडों को तोड़कर उत्कृष्टता के प्रतिमान तक सफलता प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि अच्छा व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करता है और इस तरह वह सभी का प्रिय बन जाता है। अध्यात्म एवं आशा से व्यक्ति व्यवहार कुशल बनता है। इसलिए व्यवहार कुशल बनें तो सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी। इतिहास में सफल व्यक्तियों की सूची निकालकर देखें तो पाएंगे कि उनमें से अधिकांश ऐसे थे जिनके कुशल व्यवहार ने दूसरों पर अमिट छाप छोड़ी।

## संपादकीय

# धोखे में भारतीय युवा; यूक्रेन से लड़ाई में रूसी सेना ने भी छला

प्रलोभन देकर रूसी सेना में भर्ती कराए गए भारतीय युवाओं का मामला उजागर होने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। जांच एजेंसियां जगह-जगह छापे मार कर पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि अब तक कितने ऐसे भारतीय युवाओं को धोखे से रूस भेजा और वहां की सेना में भर्ती कर यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में तैनात किया गया है। अभी तक इसका वास्तविक आंकड़ा पता नहीं चल सका है, मगर सीबीआइ की जांच में खुलासा हुआ है कि कई एजेंसियों ने बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को छात्र वीजा पर रूस भेजा और वहां उन्हें सेना में सहायक के रूप में तैनात कर दिया गया। यह मामला तब सामने आया, जब वहां से कुछ युवाओं के मारे जाने की खबरें आईं। अब सरकार उन एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और धोखे से रूस भेजे गए भारतीय युवाओं को मुक्त कराने का प्रयास कर रही है। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब युवाओं ने रोजगार की तलाश में दूसरे देश का रुख किया। एजेंटों की मदद लेकर गलत तरीके से दूसरे देश में प्रवेश पा गए। अक्सर खाड़ी देशों से भी इसी तरह भारतीय युवाओं के बंधक बनाए जाने की खबरें आती हैं, जो नौकरी दिलाने वाले एजंटों की मदद से वहां जाते हैं। पिछले वर्ष एजंटों की मदद से चोरी-छिपे अमेरिकी सीमा में प्रवेश करने की कोशिश करते कई नौजवान मारे गए थे। करीब



दो महीना पहले ही जब इजराइल ने भारत से मजदूरों की मांग की और हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि की सरकारों ने वहां जाने के लिए युवाओं की भर्ती खोली, तो भीड़ उमड़ पड़ी। भारतीय युवाओं में विदेश जाकर नौकरी करने की ललक कुछ अधिक देखी जाती है। यही वजह है कि ब्रिटेन, कनाडा आदि ऐसे देशों में जाने के लिए युवा और उनके परिजन मुंहमांगी रकम देने को तैयार नजर आते हैं, जहां जाना आसान और रोजगार के अवसर अधिक हैं। मगर गलत तरीके से रूस भेजे गए युवाओं के मामले से एक बार फिर रेखांकित हुआ है कि यह केवल विदेश जाकर नौकरी करने और बस जाने की ललक का मामला नहीं है। दुनिया के बहुत सारे देश जानते हैं कि भारत में श्रम सस्ता है, इसलिए भी वे भारतीय नौजवानों को अपने यहां काम का मौका देते हैं। फिर भारतीय युवा जब विदेश में मिलने वाले मेहनताना की तुलना भारत में मिलने वाले मेहनताने, वेतन, भत्तों आदि से करते हैं, तो उन्हें बहुत कम समय में अधिक बचत नजर आती है। हालांकि नौकरी आदि के लिए विदेश जाने वालों के लिए पंजीकरण कराने का प्रावधान है, ताकि सरकार के पास उन लोगों को आंकड़ा रहे। मगर फिर भी बहुत सारे युवा नियम-कायदों के मुताबिक काम न मिल पाने की वजह से एजंटों के जरिए दूसरे देशों में प्रवेश कर जाते हैं। वहां उन्हें तरह-तरह की प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। यह स्थिति इसलिए है कि अपने देश में उन्हें उनके हुनर के मुताबिक काम के अवसर उपलब्ध नहीं हैं। जिन्हें काम मिल भी जाता है, उन्हें गुजारे लायक पैसा भी बड़ी मुश्किल से मिल पाता है।

## परिदृश्य

# जोखिम...

आमतौर पर हर क्षेत्र में तकनीक के प्रसार ने लोगों की रोजमर्रा की जरूरत से लेकर कई तरह की सुविधाओं तक पहुंच को आसान बनाया है। मगर तकनीकी विकास के दायरे में ही जैसे-जैसे डिजिटल दुनिया में एक नया समाज बन रहा है, सोशल मीडिया के मंचों का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे कई तरह के जोखिम भी सामने आ रहे हैं। खासकर ऐसे लोगों के लिए खतरे ज्यादा हैं, जो इंटरनेट आधारित सोशल मीडिया की प्रकृति को लेकर एक परिपक्व समझ नहीं रखते और कई बार आभासी दुनिया के संजाल में उलझ जाते हैं। पैसों की ठगी या बैंक खातों से पैसा निकाल लेने जैसे अपराधों से इतर डिजिटिल दुनिया की गतिविधियों के बीच रिश्तों में अपराध अब एक जटिल रूप में सामने आ रहा है। हाल ही में दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में एक लड़की से उसके दोस्त ने बलात्कार किया, जो कुछ ही समय पहले सोशल मीडिया पर उसके संपर्क में आया था। इससे पहले भी ऐसी कुछ घटनाएं हुई हैं, जिनमें किशोर उम्र की लड़कियों को सोशल मीडिया पर हुई जान-पहचान के बाद बलात्कार जैसे जघन्य अपराध का शिकार होना पड़ा। दरअसल, सोशल मीडिया के जरिए कई किशोर और युवा अपने संपर्कों और दोस्ती का विस्तार तो करते हैं, मगर अब वह सुरक्षित नहीं रह गया है। खासकर कुछ किशोरवय लड़कियां इसके संवेदनशील पहलुओं पर परिपक्व समझ नहीं रखतीं और भावुकता में लिए गए निर्णय की वजह से कई बार आपराधिक प्रवृत्ति के लड़कों की चाल में फंस कर खुद को खतरे में डाल लेती हैं। विवेक और परिपक्वता के कमजोर धरातल पर खड़ी लड़कियों को इसका खमियाजा ज्यादा भुगतना पड़ रहा है। विडंबना है कि जो सोशल मीडिया दुनिया को जानने-समझने का जरिया होना चाहिए था, उसके लापरवाह या फिर बेजा इस्तेमाल ने इसे अपराध के एक अड्डे की



शक्ल देना शुरू कर दिया है। इस आभासी माध्यम पर अगर कभी दो लोग आपस में जुड़ते हैं, तो एक-दूसरे को जान-समझ पाने की स्थितियां वैसी नहीं बनतीं, जो वास्तविक जीवन की दोस्ती या संबंधों में होती हैं। आभासी संसार में हुई दोस्तियों में भी वास्तविक दुनिया की दोस्ती की संवेदना की खोज अक्सर मृग मरीचिका साबित होती है।

# Shri Mahaveer College
(Affiliated to the University of Rajasthan)

# ADVANCE EXCEL PROGRAM

Be an expert and professional in Advance Excel

In Collaboration with:-

[REGEX]
Software Services- Learn To Create



## Output:-

- You can expand your skill and persue a career in data analysis .
- This program can help with buisness planning ,financial analysis and the creation of business model.
- Use of advanced functions and productivity tools to assist in developing worksheets.





**Let's Join Us with the second batch !**

**Date & Time**
11th March 2024
2:00 - 3:00 P.M.

**Duration**
15 Hours

**Shri Mahaveer College**
Mahaveer Marg ,C-Scheme,
Jaipur



Contact:- 0141-2372139 ,
8955840261

www.shrimahaveercollege.org

Shrimahaveercollege@gmail.com

## द लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान से सम्मानित हुई इंदौर श्रीमती साधना मादावत जैन



**मुंबई. शाबाश इंडिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वूमन्स अचीवर्स अवार्ड 2024: लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इंदौर की श्रीमती साधना मादावत जैन रंगशाला प्रॉडक्शन को प्रदान किया गया। इस अवॉर्ड के लिए अपने अपने क्षेत्र की विशिष्टता को लिए 48 महिलाओं को चुना गया। लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अवॉर्ड डॉ ईवान गैसिमा यूरोपियन यूनियन हेड रिपब्लिक ऑफ क्रोएशिया द्वारा दिया जाता है। डॉ अविनाश डी सकुंडे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय चेयरमैन हैं। अवॉर्ड समारोह परमपूज्य आचार्यश्री पुष्पदंत सागर जी व आचार्यश्री डॉ प्रणामसागर जी महाराज ससंघ की पावन उपस्थिति में मुंबई में वडाला में सम्पन्न हुआ। समारोह में दिगम्बर जैन ग्लोबल महासभा अध्यक्ष जमनालाल हापावत, महिला फोरम की अध्यक्षा श्रीमती सुजाता शाह, नीति आयोग की श्रीमती अर्चना जैन, वरिष्ठ समाज सेवी पी सी जैन व अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इंदौर की श्रीमती साधना मादावत (रंगशाला) को उनके विशेष योगदान और उद्दीपन को देखते हुए नारी रत्न सम्मान भी प्रदान किया गया। आयोजन पंचकल्याणक वडाला मुम्बई में परम पूज्य आचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी व आचार्य श्री डॉ प्रणाम सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में प्रदान किया गया। राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि पत्रकार कोटा से हुई एक स्नेह भेट में श्रीमती साधना मादावत जैन ने इस विषय पर हर्ष जताते हुए कहा, ''यह सम्मान मेरे लिए बहुत ही गौरव और प्रेरणा का विषय है। मैं इस सम्मान को उन सभी महिलाओं को समर्पित करती हूं जो समाज में बदलाव लाने के लिए काम कर रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समाज में एक सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए किए जा रहे कार्यों को जारी रखूंगी। महिलाओं में असीम क्षमताएं होती हैं। उन्हें केवल अपनी शक्तियों को पहचानने और उनका उपयोग करने की आवश्यकता होती है। मैं सभी महिलाओं से आग्रह करती हूं की वे अपनी सांस्कृतिक रुचि, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन पर ध्यान दें। वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए डरें नहीं अपनेपरिवार का साथ लेकर अपने सपनों को पंख दे।''

## राजधानी ग्रुप ने किया बीना देवी छाबड़ा का सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप राजधानी ने भामाशाह धर्मपरायण सहदय श्रीमती बीना देवी छाबड़ा का एक समारोह में माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर तथा समाज सेविका के अलंकरण से सम्मान किया। ग्रुप अध्यक्ष प्रकाश - लीला अजमेरा व सचिव पवन - रीटा पाटनी ने बताया कि गोहाटी निवासी श्रीमती बीना देवी छाबड़ा ने ग्रुप द्वारा आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यों में ग्रुप को हमेशा मुक्त हाथो से सहयोग किया हैं।


भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयनती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT

सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक समाचार जगत

श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद द्वारा

In association with NSS and ROTARACT Club of Shri Mahaveer College.

रक्तदान जीवन दान

रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

प्रात: 9 से 1 बजे तक
शनिवार, 16 मार्च 2024

स्थान:- श्री महावीर कॉलेज,
सी-स्कीम, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

उमराव मल संघी
अध्यक्ष

सुनील बख्शी
मानद् मंत्री

महेश काला
कोषाध्यक्ष

सीए प्रमोद पाटनी
संयोजक


डॉ. आशीष गुप्ता
प्राचार्य

डॉ. मिनल शर्मा
शिविर संयोजक

डॉ. जे.एस. बिदावत
शिविर संयोजक

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन

## स्वार्थ का प्रभाव अक्सर जीवन को स्वभाव में ले आता है..!




स्वार्थ शब्द द्वि अर्थक है - दुनिया स्वार्थ का मतलब अपना काम निकालना समझती है और धर्म का अर्थ स्वार्थ और स्वार्थ का अर्थ आत्मार्थ। सही अर्थों में धर्म का अर्थ ही स्वार्थ है। क्योंकि धर्म का अर्थ स्वभाव है। ध्यान रखना - जिसने स्वार्थ साध लिया, उसने परमार्थ साध लिया। जिससे स्वार्थ न सधा, उससे परमार्थ कभी नहीं सधेगा जो अपना ना हो सका, वह दूसरों का कैसे होगा? जो स्वयं को समय नहीं दे सका, वह दूसरों को क्या समय देगा? वह सिर्फ दूसरों को बेवकूफ बना सकता है, लेकिन समय, सामायिक, ध्यान नहीं सिखा सकता। जो स्वयं से प्रेम नहीं कर सका, वह अन्य जीवों से क्या प्रेम करेगा? जिस दिन तुम स्वयं अपने डॉक्टर बन जाओगे, उस दिन के बाद फिर तुमको डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दूसरों को रोशनी दिखाओ, उससे पहले टार्च का मुँह स्वयं की ओर कर लोबीवी। बस यही है सच्चा स्वार्थ का अर्थ। जिस दिन हम सच्चे स्वार्थी बन जायेंगे, उस दिन आप हम सबसे सुखी हो जायेंगे... !

**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर में सप्तदिवसीय प्राकृत शिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर के प्राकृत अध्ययन शोध केंद्र की ओर से दिनांक 11.3.2024 से 17.3.2024 तक प्राकृत शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है ।इसके उद्घाटन में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 50 से अधिक छात्रों ने भाग ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के यशस्वी निदेशक प्रो.सुदेश कुमार शर्मा ने की ।मुख्यातिथि -प्रो. एस. पी. शर्मा, अध्यक्ष- प्राकृत विकास बोर्ड, भारत सरकार, विशिष्टातिथि -प्रो.जयकुमार जैन, निदेशक, श्रमण संस्कृत संस्थान, सांगानेर तथा सारस्वतातिथि-प्रो. कमलेश कुमार जैन, जैनदर्शन -प्राकृत विद्याशाखा, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर उपस्थित रहे।संयोजक डॉ. सतेन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा बताई। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. सुदेश कुमार शर्मा जी ने प्राकृत के विकास हेतु कुछ बिंदुओं को प्रकाशित करते हुए कहा कि प्राकृत का विकास उसके वाक्य व्यवहार से संभव है। जब तक प्राकृत भाषा लोगों के मुख से नहीं निकलेगी तब तक उसका विकास नगण्य है ।इस दिशा में प्राकृत अध्ययन शोध केंद्र प्राकृत भाषा के विकास हेतु प्रयत्नशील है। एस.पी.शर्मा जी ने प्राकृत भाषा के इतिहास को बताते हुए उसके नवीनतम स्वरूप को प्रदर्शित किया, उन्होंने कहा- विद्यार्थियों की अभिरुचि के अनुरूप प्राकृत भाषा का विकास होना समाज के लिए लाभदायक होगा ।उद्घाटन पश्चात प्राकृत शिक्षण कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। प्रो. जयकुमार जैन, प्रो. कमलेश कुमार जैन, डॉ. धर्मेंद्र कुमार जैन तथा डॉक्टर सतेन्द्र कुमार जैन ने अध्यापन कार्य कराया । आगामी 6 दिनों तक अन्य विद्वान गणों में प्रो.धर्मचंद जैन डॉ. दर्शना जैन तथा डॉ. प्रभात कुमार दास भी अध्यापन कार्य में संलग्न होंगे ।इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के द्वारा उत्साह पूर्वक अध्ययन किया जा रहा है।इसकी मुख्य विशेषता यह है कि जहां युवा से लेकर वृद्ध विद्वानों के द्वारा अध्यापन कार्य कराया जा रहा है,वहीं युवा से लेकर वृद्ध छात्रों के द्वारा भी अध्ययन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कार्यालय का एवं छात्रों का सहयोग सराहनीय रहा है ।

# व्यक्ति एवं समाज के लिए धर्म आवश्यकः गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**जहां धर्म नहीं होता वहां विद्या, लक्ष्मी, स्वास्थ्य आदि का भी अभाव होता है। धर्मरहित स्थिति में बिलकुल शुष्कता होती है, शून्यता होती है।**

**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी (राज.) में ससंघ विराजित गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के संसंघ सान्निध्य में 1008 दिवसीय श्री जिनसहस्त्रनाम का अखण्ड मंगल पाठ निर्विघ्न चल रहा है जिसमें दूर - दूर से यात्रीगण आकर सम्मिलित होते हैं। प्रातः कालीन शांतिधारा करने का भी सौभाग्य भक्तजनों कक प्राप्त हो रहा है जिसमें सोमवार की निर्विघ्न शान्तिधारा का अवसर गुरू भक्त जितेंद्र भोपाल , महावीर हितेश छाबड़ा निवाई एवं आदर्श गंगवाल चाकसू वालों ने प्राप्त किया। पूज्य माताजी की आहारचर्या कराने का सौभाग्य सारिका, श्रद्धा , प्रियांशी , जितेंद्र भोपाल सपरिवार एवं व्रती आश्रम के व्रतियों ने प्राप्त किया। माताजी ने प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश के माध्यम से धर्म से जोड़ने का प्रयास करते हुए कहा कि- यदि मनुष्य धर्म की रक्षा करे तो धर्म भी उसकी रक्षा करता है जो मनुष्य धार्मिक हैं वह दुख को सुख में बदलना जानता है भगवान का कोई धर्म नहीं है। धर्म एक आदत की तरह है, इसे स्वयं पालन करना आवश्यक है, न कि दूसरों को इसका पालन करने के लिए मजबूर करना। जहाँ धर्म नहीं होता वहां विद्या, लक्ष्मी, स्वास्थ्य आदि का भी अभाव होता है। धर्मरहित स्थिति में बिलकुल शुष्कता होती है, शून्यता होती है। व्यक्ति एवं समाज इन दोनों के लिये धर्म आवश्यक है।

# अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ द्वारा शिविरों में 246 यूनिट रक्त एकत्रित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ के तत्वावधान में दो क्षेत्रों में आयोजित रक्तदान शिविर संगठन के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यों के द्वारा सहयोग से शानदार संपन्न हुआ इसके लिए संगठन, उसके सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्यों, को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश कुमार नाटाणी ने बताया कि आज के सफल आयोजन में रक्तदाताओं एवं समाज बंधुओ का शानदार योगदान रहा इसके लिए उनको बहुत-बहुत धन्यवाद। संगठन के महामंत्री योगेंद्र लेवी ने बताया कि आज दोनों शिविरों में 246 यूनिट एकत्रित की गई।

# समाज सेवी सुनील पहाड़िया ने पूजन विधान कर मनाया 60वां जन्मदिन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



जैन सोशल ग्रुप राजधानी के संस्थापक अध्यक्ष सुनील पहाड़िया ने अपना 60वा जन्मदिन धार्मिक कार्यक्रम के साथ किया। राजधानी ग्रुप के अध्यक्ष प्रकाश लीला अजमेरा ने बताया कि श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र नेवटा मंदिर में साजो के साथ भव्य रूप में पूजन विधान का आयोजन किया गया। पूर्व संध्या पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर निर्माण नगर में भक्तामर अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष - रचना बेद, युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन,प्रदेश महामंत्री विनोद - दीपिका कोटखावदा, शाबाश इंडिया के संपादक राकेश - समता गोदिका, रीजन सयुक्त सचिव राजीव जैन ,राजधानी ग्रुप के पदाधिकारी, सदस्य आदि अनेक गणमान्य नागरिको ने उपस्थित होकर सुनील पहाड़िया को जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई दी।

# नीता अंबानी 71वें मिस वर्ल्ड फिनाले में मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित



**मुंबई. शाबाश इंडिया**

रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता मुकेश अंबानी को 71वें मिस वर्ल्ड फिनाले में 'मानवतावादी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। समारोह जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था। उनके परोपकारी कार्यों के लिए उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अपने स्वीकृति भाषण में, नीता अंबानी ने वहां मौजूद सभी महिलाओं की सराहना की। उन्होंने कहा, ''इस सम्मान के लिए धन्यवाद। यह सम्मान सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि करुणा और सेवा की शक्ति का प्रमाण है जो हम सभी को एक साथ बांधती है। अपनी पूरी यात्रा के दौरान मुझे सत्यम, शिवम और के शाश्वत भारतीय सिद्धांतों द्वारा निर्देशित किया गया है।'' रिलायंस फाउंडेशन में हम प्रत्येक भारतीय विशेषकर महिलाओं और युवा लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, खेल आजीविका और कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ सशक्त बनाने के लिए एक समर्पित प्रयास कर रहे हैं।

# जैन मिलन संेट्रल का वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न



**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था जैन मिलन सेंट्रल का वार्षिक स्नेह सम्मेलन कांसल फार्म हाउस पर आयोजित किया गया। अध्यक्ष जितेंद्र जैन ,मंत्री विपिन बाँझल एवं कोषाध्यक्ष संजय कन्हेरा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि महावीर प्रार्थना के उपरांत राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री आनन्द गांधी द्वारा कार्यक्रम में अनेकों मनोरंजक गेम खिलाये गए।धार्मिक प्रश्नों पर आधारित प्रतियोगिता में हर्षिता जैन प्रथम एवं श्वेता भोपाली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने पुरुस्कृत किया अन्य प्रतियोगिताओं में विजेताओं को राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री महेंद्र जैन कडेसरा ने पुरुस्कार दिए। राष्ट्रीय संयोजक प्रमोद छाया एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा जैन ने अपनी विवाह पर केक काटकर सभी की शुभकामनाएं स्वीकार की। सदस्यों की सपरिवार भारी उपस्थिति में स्नेह भोज के साथ सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दिगम्बर जैन तेरह पंथ पंचायती नया मन्दिर प्रबन्ध समिति के चुनाव संपन्न

**दिगम्बर जैन तेरह पंथ पंचायती नया मन्दिर सीकर के अध्यक्ष गोपाल काला मंत्री पवन छाबड़ा को चुना गया है। मंदिर प्रांगण में पदाधिकारियों के चुनाव ...**



**सीकर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन तेरह पंथ पंचायती नया मन्दिर गोठ के के चुनाव चुनाव अधिकारी पंडित आशीष जैन शास्त्री एवं अनिल कुमार जैन की देखरेख में सम्पन्न हुए जिसमे अध्यक्ष गोपाल काला धोद





वाले,मंत्री पवन छाबडा रानोली वाले,कोषाध्यक्ष विनोद संगही बतौर कार्यकारिणी सदस्य तेजकरण पिराका,मुकेश लुहाड़िया सुरेरा वाले,अंकित छाबड़ा मानजीका,प्रियंक गंगवाल कोछोर वाले को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया । नव पदाधिकारियों को समाज के लोगो ने बधाईयां दी गई।

# तीर्थराज सम्मेदशिखर जी यात्रा के लिए शिष्ट मण्डल गाजे बाजे से आज रवाना होगा




**निवाई. शाबाश इंडिया।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में मंगलवार को सन्त निवास नसियां जैन मंदिर से तीर्थराज सम्मेद शिखर जी यात्रा का पहला जत्था गाजे बाजे से रवाना होगा। यात्रा संयोजक गोपाल कठमाणा शंभु कठमाणा एवं विमल जौंला ने बताया कि आचार्य पदमनन्दी महाराज के मंगल आशीर्वाद से जैन समुदाय के महातीर्थ क्षेत्र सम्मेदशिखर जी यात्रा दल का एक शिष्ट मण्डल मंगलवार 12 मार्च को नसिंया जैन मंदिर से भगवान शांतिनाथ जी के दर्शन करके सम्मेदशिखर यात्रा के लिए रवाना होगा। यात्रियों के शिष्ट मण्डल को जैन समुदाय के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा जैन धर्म ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया जाएगा यह यात्रा संघ गोपाल कठमाणा एवं शंभु कठमाणा के नेतृत्व में निवाई से झारखण्ड राज्य स्थित जैन धर्मावलम्बियो का प्रचलित प्रमुख तीर्थ क्षेत्र सम्मेदशिखर जी की वन्दना करके देश में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना के लिए वन्दना करेंगे। तीर्थराज सम्मेदशिखर जी यात्रा की तैयारियों में गोपाल कठमाणा शंभु कठमाणा तेजकरण जैन निक्की जैन हेमन्त जैन सुरेन्द्र जैन दिलीप जैन हेमराज जैन सहित कई युवा व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। जौंला ने बताया कि यात्रा जत्था सम्मेदशिखर जी से रवाना होकर 19 मार्च को वापस निवाई प्रस्थान करेंगे।

# गणिनी105 आर्यिका रत्न पूर्णमति माताजी के दर्शनों को उमड़ा जन सैलाब



**पिड़ावा. शाबाश इंडिया।** सकल दिगम्बर जैन समाज पिड़ावा के तत्वाधान में गुरू मां के मंगल प्रवेश के बाद जिनवाणी का रसास्वादन अन्नपूर्णा पेलेस में हुआ। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि गुरुवर आचार्य भगवन संत शिरोमणि 108श्री विद्यासागर महा मुनिराज की सुयोग्य परम प्रभावक शिष्या आर्यिका रत्न 105 पूर्णमति माताजी ससंघ का पिड़ावा में ऐतिहासिक मंगल प्रवेश के बाद अन्नपूर्णा पेलेस में प्रवचन सुनने जन सैलाब उमड़ पड़ा।सुबह कालीन सत्र में माताजी के प्रवचन के पूर्व गुरुदेव विद्यासागर जी के चित्र का अनावरण कोमल चंद जैन प्रिंसिपल एवं भूपेद्र जैन के द्वारा किया गया उसके बाद जिनवाणी भेट कर्ता के रूप में इंदौर से पधारे श्रेष्ठी वर्ग को यह सम्मान प्राप्त हुआ।उसके बाद मंगलमय मंगलाचरण अदिति जैन के द्वारा किया गया ।धर्मसभा का संचालन कर रहे राष्ट्रीय कवि डा अनिल जैन उपहार ने अपनी कविता एवं गीतों से समा बांध दिया।अपने सारगर्भित प्रवचनों में माताजी ने पर निंदा की बजाय निज आत्मा के कल्याण को महत्व देते हुए सामाजिक बुराइयों के अंत को रेखांकित करते हुए कोकिल स्वरो से जिनवाणी का अमृत पान कराया जिसमे सभी डूबते नजर आए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर में श्री सांवलिया पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर में पार्श्वनाथ विधान का आयोजन किया गया जिसमे पूरे समाज ने उत्साह से भाग लिया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने इंदौर, कोटा, गंजबासोदा,डूंगरपुर,गवालियर,भोपाल, गुना बिना और आसपास के कई समाज बंधु उपस्थित रहे अंत में बाहर से पधारे अतिथियों के भोजन की व्यवस्था सकल दिगंबर जैन समाज पिड़ावा द्वारा की गई। अंत में समाज के अध्यक्ष अनिल चेलावत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट**

# जैन सोशल ग्रुप हेरिटेज सिटी ने मनाया होली का धमाल फागोत्सव




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप हेरिटेज सिटी जयपुर ने वर्ष 2023_2024 के अंतर्गत आयोजित किया जाने वाले प्रोग्राम में ग्रुप का अंतिम प्रोग्राम होली के त्योहार के अवसर पर फागोत्सव मनाया। ग्रुप अध्यक्ष नितिन पाटनी ने बताया कि ग्रुप का ये प्रोग्राम दिनांक 10 मार्च 2024 को सोगानी फार्म हाउस में सायंकाल 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया गया। ग्रुप सदस्य शाम 4 बजे से अपने ड्रेस कोड में आने शुरू हुए। ग्रुप सचिव अरुण पाटनी ने बताया कि सभी सदस्यों का रजिस्ट्रेशन पर गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी ने हाई टी का आनंद लिया फिर नमोकार मंत्र का वाचन कर कार्यक्रम को विधिवत रूप से शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक अखिलेश मीनाक्षी गंगवाल व सर्वेश नीतू जैन ने बहुत मनोरंजक गेम्स व होली के त्योहार पर आधारित हाऊजी खिलाए जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। दिनांक 18 फरबरी को नॉर्दर्न रीजन के तत्वावधान में 48 मंडल भक्तामर विधान का सफल आयोजन करने पर संयोजक सुभाष बज व महावीर सेठी का धन्यवाद प्रकट किया। गोलाकोट यात्रा की सुंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर प्रमोद सुनीता काला को सम्मानित किया। सायंकाल का भोजन रात्रि होने से पहले कर सभी सदस्य आगे प्रोग्राम की और अग्रसर हुए। फिर शुरू हुआ होली का मस्ती धमाल कार्यक्रम जिसमें म्यूजिक पार्टी ने बहुत सुंदर मनोरंजक गानों से सभी को नाचने को मजबूर कर दिया ग्रुप सदस्य सज्जन कुमार बांठिया 'अकेला' ने चंग ढाप पर अपना शानदार प्रोग्राम प्रस्तुत किया ।जिसमें सभी को थिरकने को मजबूर कर दिया सभी महिला व पुरुष रात 10 बजे तक चंग ढाप का आनंद लेते रहे।ग्रुप के सभी सदस्यों के लिए इस वर्ष के कार्यक्रमों की स्मृति स्वरूप एक स्मृति चिन्ह ग्रुप सदस्य प्रमोद रेणुका जैन जयपुर प्रिंटर्स वालों के सहयोग से भेंट किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज ने किया ।गेम्स व हाऊजी के पारितोषिक वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया । नितिन पाटनी व अरुण पाटनी ने वर्ष भर के कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक संपन्न करवाने में सभी सदस्यों से सहयोग के लिए आभार धन्यवाद प्रकट किया।




# रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में हुआ सम्मान

**बूंदी. शाबाश इंडिया**

ब्लड डोनर्स एसोसिएशन नेपाल (ब्लोदान), एफिलिएटेड टू इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लड डोनर ऑर्गेनाइजेशन (आईएफबीडीओ) द्वारा स्वेच्छिक रक्तदाताओ को बढ़ावा देने पर सेकण्ड इंटरनेशनल ब्लड कान्फ्रेंस का आयोजन 9 और 10 मार्च 2024 को काठमांडू नेपाल देश में किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय ब्लड कांफ्रेंस में भारत देश के राज्य राजस्थान के बूंदी जिले के गांव सांवलपुरा व संस्थापक रक्तदान जीवनदान टीम बूंदी व सामान्य चिकित्सालय बूंदी के ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर को नेपाल प्रधानमंत्री श्रीमान पुष्प कमल दहल प्रचण्ड के हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया।इस कान्फ्रेंस के मुख्य अतिथि केन्द्रीय संचार एवं सूचना मंत्री नेपाल श्रीमती रेखा शर्मा जी एवं अल्जीरिया डॉ अब्दुल मलिक शाह,मेयर ललितपुर श्रीमान चिरी बाबू महार्जन, डिप्टी मेयर काठमांडू श्रीमती सुनीता दंगोल, श्रीमान मदन कृष्णा श्रेष्ठ, प्रेसिडेंट आईएफबीडीओ श्रीमान डॉ अबडेलमलिक स्याह,जनरल सेक्रेट्री आईएफबीडीओ इंडिया श्रीमान अपुर्बा घोष, श्रीमती सूर्या कुमारी, मेयर श्रीमान कृष्णा हरि महार्जन, श्रीमान डॉ रंजन राज भट्ट, डॉ श्री प्रसाद अधिकारी, श्री डॉ सुंदर प्रसाद हयेजू, श्रीमान तिरथा महार्जन, श्रीमान दीपक पनेरू, श्रीमान बाबूरतन महार्जन, श्रीमान दुर्गा पहाड़ी, श्रीमान राहुल गेरैया, श्रीमान किरण श्रेष्ठा, श्रीमान जगदीश और सुलोचना आदि मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस सेकण्ड इंटरनेशनल कांफ्रेंस का ओर्गेनाईजर ब्लड डोनर्स एसोसिएशन नेपाल (ब्लोदान) के प्रेसिडेंट श्री सानू बाबू प्रजापति(ब्लोदान),वाईस प्रेसिडेंट एण्ड फोरेन अफेयर्स श्री ऊजोल के .सी.,वाईस प्रेसिडेंट श्री राजेश श्रेष्ठा,जनरल सेक्रेट्री श्री केशब महार्जन,ट्रेजर श्री मेकबकाजी महार्जन, सेक्रेटरी श्री बिशनु राज श्रेष्ठा व पुरुषोत्तम खत्री,श्री जनक कुमार खडका आदि पदाधिकारियों द्वारा किया गया। विश्व में हो रही ब्लड की कमी को दूर करने के लिए अनेक देशों के व्यक्ति भारत,भूटान, अल्जीरिया आदि देशों के स्वैच्छिक रक्तदाताओं को आमंत्रित करके सम्मानित किया गया और विश्व में हों रही ब्लड की कमी को दूर करने के लिए रक्तदाताओं को मोटिवेट करके रक्तदान करवाना, रक्तदान शिविर लगवाना, एक्सीडेंट मरीज,एनिमिया, प्रेगनेंट महिला की जान बचाना जैसे कई अनेक तरह के अलग-अलग विचार विमर्श कोंफ्रेंस में दिये ताकि जरूरतमंद को समय पर ब्लड आसानी से मिल सके और मरीज को ब्लड की वजह से जिंदगी नहीं गवानी पड़े इसलिए सभी नौजवानों को हर तीन महीने में व एक साल में तीन से चार बार रक्तदान करना चाहिए जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही ब्लड की कमी को पूरा किया जा सके।



# क्या बोन चाइना के बर्तनों में शाकाहारी लोगों को खाना चाहिए ?




**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय
आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान
विधानसभा,जयपुर। 9828011871




ऐसे बर्तन आज कल हर घर में देखे जा सकते है, इस तरह की खास क्राकरी जो सफेद, पतली और अच्छी कलाकारी से बनाई जाती है, बोन चाइना कहलाती है। इस पर लिखे शब्द बोन का वास्तव में सम्बंध बोन (हड्डी) से ही है। इसका मतलब यह है कि आप किसी गाय या बैल की हड्डियों की सहायता से खा-पी रही है। बोन चाइना एक खास तरीके का पॉर्सिलेन है जिसे ब्रिटेन में विकसित किया गया और इस उत्पाद का बनाने में बैल की हड्डी का प्रयोग मुख्य तौर पर किया जाता है। इसके प्रयोग से सफेदी और पारदर्शिता मिलती है। बोन चाइना इसलिए महंगा होती है क्योंकि इसके उत्पादन के लिए सैकड़ों टन हड्डियों की जरुरत होती है, जिन्हें कसाईखानों से जुटाया जाता है। इसके बाद इन्हें उबाला जाता है, साफ किया जाता है और खुले में जलाकर इसकी राख प्राप्त की जाती है। बिना इस राख के चाइना कभी भी बोन चाइना नहीं कहलाता है। जानवरों की हड्डी से चिपका हुआ मांस और चिपचिपापन अलग कर दिया जाता है। इस चरण में प्राप्त चिपचिपे गोंद को अन्य इस्तेमाल के लिए सुरक्षित रख लिया जाता है। शेष बची हुई हड्डी को १००० सेल्सियस तापमान पर गर्म किया जाता है, जिससे इसमें उपस्थित सारा कार्बनिक पदार्थ जल जाता है। इसके बाद इसमें पानी और अन्य आवश्यक पदार्थ मिलाकर कप, प्लेट और अन्य क्राकरी बना ली जाती है और गर्म किया जाता है। इन तरह बोन चाइना अस्तित्व में आता है। ५० प्रतिशत हड्डियों की राख २६ प्रतिशत चीनी मिट्टी और बाकी चाइना स्टोन। खास बात यह है कि बोन चाइना जितना ज्यादा महंगा होगा, उसमें हड्डियों की राख की मात्रा भी उतनी ही अधिक होगी। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या शाकाहारी लोगों को बोन चाइना का इस्तेमाल करना चाहिए? या फिर सिर्फ शाकाहारी ही क्यों, क्या किसी को भी बोन चाइना का इस्तेमाल करना चाहिये। अपनी राय कॉमेंट करें।

**-डा पीयूष त्रिवेदी आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी राजस्थान विधान सभा जयपुर।**

## महिला कार रैली का हुआ भव्य आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एक्स फाउंडेशन, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट द्वारा महिला दिवस पर कार रैली का आयोजन किया गया। एक्स फाउंडेशन की फाउंडर अनीता माथुर ने बताया कि पांचवी कार रैली का उद्घाटन राजस्थान इंटरनल सेंटर से उप मुख्यमंत्री श्री प्रेम कुमार जी बेरवा, उद्योग मंत्री श्री राजवर्धन जी राठौड़, फाउंडर की अनीता माथुर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट के अध्यक्ष बसंत जैन, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अध्यक्ष राजेश बड़जातया , सचिव निर्मल संघी विराट ग्रुप की सचिव स्वग्रही म'वो एवं अंतर्राष्ट्रीय सेलिब्रिटी मिस इंटरनेशनल एनवायरमेंट. ईशा बेला ने प्राप्त 9:30 बजे झंडी दिखाकर रवाना किया । दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट के फाउंडर वसंत जैन ने बताया कि इस कार रैली में 100 से अधिक कारों ने भाग लिया जिसमें 300 से अधिक महिलाएं शामिल थे संयोजक ,सलोनी माथुर राशि माथुर, विधि माथुर ने बताया कि यह कार रैली राजस्थान इंटरने शनल सेंटर से रवाना होकर आगरा रोड 52 फुट हनुमान जी के सामने हरिगढ़ फॉर्म्स में समाप्त हुई। अनीता माथुर ने बताया कि रैली को आकर्षक बनाने के लिए कई पुरस्कार रखे गए थे उनमें पहले स्लोगन का पुरस्कार मनजीत अरोड़ा जी को गया कार सजावट का पुरस्कार काशवी जैन को गया। इस अवसर पर इंडस हॉस्पिटल जयपुर की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने महिलाओं के बीमार होने व उनसे बचने के सरल भाषा में उपाय बताएं ' इस अवसर पर 11 गर्ल्स बाइकर की टीम का आकर्षण बन' रहा ' जिसका नेतृत्व प्रतिभा त्यागी कर रही थी' मुख्य अतिथि के पद पर बोलते हुए उप मुख्यमंत्री सी श्री प्रेम कुमार बेरवा जी ने महिलाओं के इस आयोजन को शानदार बताया।


**आदरणीय श्री प्रेमचंद जी जैन**
**- श्रीमती चंदा देवी जैन बाकलीवाल**




को 65वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर
**हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं**
शुभेच्छु
**समस्त परिवार जन**

# श्री सुमतिनाथ भगवान की प्रतिमा नूतन जिनालय सुमतिधाम में विराजित हुई

## मानस्तम्भ का हुआ पूजन, 24 तीर्थंकरों की प्रतिमा मानस्तम्भ पर की विराजित, दर्शन-पूजन के लिए उमड़ा जन-सैलाब मोक्ष कल्याणक के साथ संपन्न हुआ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव, आचार्य श्री विशुद्ध सागर ने 26 साधु संतों के साथ अंजनी नगर के लिए किया विहार। इस पंचकल्याणक महामहोत्सव में एनआरआई भी पहुँचे सुमतिधाम, आचार्यश्री का आशीर्वाद भी लिया, जैनियों के इस महाकुम्भ में 6 लाख से अधिक समाज बंधु बने इस महोत्सव के साक्षी, आम से लेकर खास की चर्चा का विषय बना सुमतिधाम पंचकल्याणक महोत्सव के समापन पर ऐरावत पर निकली सुमतिनाथ की भव्य शोभायात्रा, हजारों समाज बंधु हुए शामिल, बैंड़-बाजों की स्वरलहरियों पर झूम उठे लोग

राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया

इन्दौर। माँ के माध्यम से संतान की रक्षा होती है, माली के माध्यम से उद्यान की रक्षा होती तथा महात्मा के नियोग से प्रज्ञा की रक्षा होती है और परमात्मा के नियोग से आत्मा की रक्षा होती है। प्रज्ञा की रक्षा जो कर लेता है वही व्यक्ति विश्व को विचार व आचार देता है। विराटता विचारों में होना चाहिए। जिनके विचार विशाल हैं वे कक्ष में रहकर भी विश्व में फैल जाते हैं। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि यह उदगार जैनाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने गांधी नगर गोधा एस्टेट में आयोजित 6 दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन सभी श्रावक-श्राविकाओं को मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि जिनके विचार निम्न होते हैं वे समुद्र के सम्मान विशाल होते हुए भी खारे होते हैं। जिनके विचार खारे हैं ऐसे लोग देश में, विश्व में खारापन फैलाते हैं। जिनके विचार मधुर हैं वे विश्व को एक अखंडता दिखाते हैं। विचारों कि अखंडता ही विश्व की अखंडता है। आपने कहा की जीवन में कभी भी अहम में मत आना। अहम विचारों की विशालता को न्यून कर देता है और यही अहंकार होता है। पंचकल्याणक महामहोत्सव समिति आयोजक मनीष-सपना गोधा ने बताया कि गांधी नगर स्थित गोधा एस्टटे में 6दिन से जारी पंचकल्याणक महोत्सव का समापन सोमवार को हुआ। आचार्य विशुद्ध सागरजी के सान्निध्य में प्रतिष्ठाचार्य प्रदीपकुमार जैन मधुर (मुंबई), सह-प्रतिष्ठाचार्य चंद्रकांत गुंडप्पा इंड़ी (कर्नाटक), पं. नितिनजी झांझरी (इन्दौर), विधानाचार्य पीयूष प्रसून (सतना) एवं तरूण भैय्याजी (इन्दौर) के निर्देशन में सभी विधियां संपन्न हुई। मोक्ष कल्याणक की विधि चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर के हाथों से की गई। महोत्सव के दौरान श्रावक-श्राविकाओं को भगवान का मोक्ष गमन सम्मेद शिखर सिद्ध क्षेत्र की प्रतिकृति के आधार पर अविचल कूट से मोक्ष गमन का दृश्य दिखाया गया। 5000 इंद्र-इंद्राणियों ने भगवान को निर्वाण लाडू भी इस अवसर पर चढ़ाया। 11.01 मिनट पर सुमतिनाथ की मूलवेदी पर श्रीसुमतिनाथ भगवान की प्रतिमा एवं चार अन्य प्रतिमाएं विराजित की गई। सुमतिधाम जिनालय के बाहर बने मानस्तंभ में श्वते वर्ण की वर्तमान काल के 24 तीर्थंकरों की प्रतिमा स्थापित की गई। महोत्सव के अंत में सुमतिधाम परिसर में ऐरावत पर भगवान सुमतिनाथ भगवान की भव्य यात्रा भी इस अवसर पर निकाली गई। यात्रा में इंद्र-इंद्राणी बग्घियों पर सवार थे वहीं बैंड़-बाजों की स्वरलहरियों व ढ़ोलक की थाप पर महिला मंडल नृत्यों सहित मंगल गीत की प्रस्तुतियां दे रही थी। इस अवसर पर डॉ जैनेन्द्र जैन आजाद जी जैन टीके वेद अशोक खासगीवाला शांति लाल बडजात्या प्रदीप बडजात्या विकास छाबड़ा आदि समाज जन उपस्थित हुए

### समाजजनों ने की गोधा परिवार की अनुमोदना

पंचकल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन समाजजनों ने मनीष-सपना गोधा परिवार की अनुमोदना की। समाज के लोगों ने अनुमोदना पत्र का वाचन कर उन्हें पंचकल्याणक महोत्सव, सुमतिधाम एवं संत निवास सौभाग्य सदन के इस भव्य कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका बहुमान किया।

**28 राज्यों के साथ ही एनआरआई भी पहुंचे सुमतिधाम:** पंचकल्याणक महामहोत्सव समिति एवं आयोजक मनीष-सपना गोधा ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव में 6 लाख लोगों के सुमतिधाम का अवलोकन करने का अनुमान है। पहले



दिन से रजिस्ट्रेशन कार्यालय पर यहां आने वाले अतिथियों और समाजजन का पंजीयन किया जा रहा था। इन्दौर की धरा पर पहली बार आयोजित हुए देश के सबसे बड़े पंचकल्याणक महोत्सव में 28 राज्यों के लोगों के साथ ही एनआरआई भी सुमतिधाम पहुंचे थे। आस्ट्रेलिया, कनाड़ा, अमेरिका, इटली से आने वाले अतिथियों ने भी सुमतिधाम व संत निवास सौभाग्य सदन की प्रशंसा की उन्होंने पंचकल्याणक महोत्सव के सभी उत्सवों को अपने मोबाइल में कैद किया । विदेशों से आए मेहमानों ने सुमतिनाथ की 30 फीट की प्रतिमा, लेजर लाईट शो, शीश महल, ७डी पर प्रसारित व प्रचारित की जा रही सुमतिनाथ पर बनी शार्ट फिल्म एवं कल्याण भवन की सुंदरता व पंचकल्याणक महोत्सव में आयोजित एक-एक उत्सवों की जानकारी जो रिश्तेदार नहीं आ पाए उन्हें फोटो और वीडियो से दिखाने की बात कही।

### आचार्य विशुद्ध सागर ने किया अंजनि नगर के लिए विहार

पंचकल्याणक के अंतिम दिन सोमवार को आचार्यश्री विशुद्ध सागर महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया एवं वह अपने 26 साधु संघ सहित सुमतिधाम से दोपहर 3 बजे कालानी नगर स्थित अंजनि नगर के लिए विहार कर गए। आचार्यश्री के विहार में श्री सुव्रत सागर, अनुत्तर सागर, सर्वार्थ सागर, साम्य सागर, संकल्प सागर, सौम्य सागर, सारस्वत सागर, सद्भाव सागर, संजयन्त सागर, यशोधर सागर, निर्ग्रन्त सागर, निर्मोह सागर, निसंग सागर, निर्विकल्प सागर, जयन्द्र सागर, जितेंद्र सागर,





जयंत सागर, सुभग सागर, सिद्धार्थ सागर, सहर्ष सागर, सत्यार्थ सागर, सार्थ सागर, सार्थक सागर, समकित सागर, सम्यक सागर, श्रेय सागर सहित पंचकल्याणक महोत्सव समिति सदस्यों के साथ ही अन्य समाज बंधु भी उनके विहार के साथ थे।

# रॉयल ब्यावर ने अमृतकौर अस्पताल में व्हिलचेयर्स की भेंट

**ब्यावर. शाबाश इंडिया**




शहर में सेवा का पर्याय बन चुकी सामाजिक संस्था महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर द्वारा राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में व्हिलचेयर्स भेंट की गई। संस्था के चेयरमैन अशोक पालडेचा ने पीएमओ डॉ. सुरेन्द्र सिंह चौहान एवं डॉ.एन.एल.मेहरडा को व्हीलचेयर भेंट करते हुए आग्रह किया कि यह व्हीलचेयर अस्पताल में आने वाले हर मरीज को उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था का हर सदस्य निस्वार्थ भाव से जनसेवा के कार्य करता हैं। संस्था सचिव रूपेश कोठारी एवं सहसचिव योगेन्द्र मेहता ने बताया कि महावीर इंटनेशनल अपेक्स द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर फंड से प्राप्त राशी से अपने केन्द्र के माध्यम से जन उपयोग हेतु व्हिलचेयर्स एवं सिलाई मशीन उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उसी कड़ी में आज रॉयल ब्यावर द्वारा भी व्हिलचेयर्स राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय प्रशासन को व्हिलचेयर्स उपलब्ध करवाई गई हैं। इस अवसर पर पीएमओ प्रतिनिधि डा.एन.एल.मेहरडा द्वारा रॉयल ब्यावर, एस बी आई एवं महावीर इंटर नेशनल अपेक्स को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए रॉयल ब्यावर के प्रयासों की सराहना प्रकट की। ब्यावर शहर की सामाजिक संस्थाओं को रॉयल ब्यावर से प्रेरणा लेता हुए सेवा कार्य में अग्रसर होने का आव्हान किया। संस्था कोषाध्यक्ष अभिषेक नाहटा एवं बाबुलाल आच्छा ने बताया की पूर्व में जवाहर भवन में कार्यक्रम आयोजित कर एसबीआई बैंक मैनेजर मनीष जी एवं महावीर इंटनेशनल के ब्यावर की विभिन्न केंद्रों के एवं जोन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में व्हिलचेयर्स का लोकार्पण किया गया था। संस्था के राहुल बाबेल एवं आशीष कोठारी, रुपचन्द लोढ़ा, नरेन्द्र सुराणा ने बताया कि संस्था अपने एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 31 मार्च से 7 अप्रैल तक सेवा सप्ताह करने जा रही है। जिसमें ब्लड केम्प, जीव एवं मानव सेवा के कार्य सदस्यों के सहयोग से किये जायेंगे। इस अवसर पर अशोक पालडेचा, रूपेश कोठारी, नरेंद्र सुराना, सुरेन्द्र रांका,राहुल बाबेल, पुष्पेन्द्र चौधरी, नवलेश बुरड़, रूपचंद नाहर, आशीष कोठारी, योगेंद्र मेहता, अभिषेक नाहटा, बाबुलाल आच्छा आदि सदस्य उपस्थित थे।

# सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज गुरु उपकार समारोह मनाया गया

## बेजोड़ थे आचार्यश्री : आर्यिका स्वस्तिभूषण



बारां, राजस्थान। जैन नसिया, बारां राजस्थान में परम पूज्या , गणिनी आर्यिका रत्न स्वस्ति भूषण माता जी के ससंघ सान्निध्य में 8 मार्च 2024 को परम पूज्य राष्ट्रसंत, सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज गुरु उपकार समारोह भव्यता के साथ मनाया गया। प्रातः बेला में सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज चरण छत्री के पास आचार्यश्री की पूजन, चालीसा, आरती भक्ति भाव के साथ की गई दोपहर में 1 बजे से आचार्यश्री के प्रति अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। ब्र. जयकुमार जी निशान्त भैया, डॉ डी राकेश भैया जी सागर, ब्र अनिता दीदी जी, डॉ संजीव सराफ सागर, डॉ सुनील संचय ललितपुर, वीरचन्द्र जैन, मनीष विद्यार्थी शाहगढ़, अंकित शास्त्री आदि विद्वानों, त्यागी व्रतियों ने आचार्यश्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुरैना, कोटा, झालरापाटन तथा बारां, नवागढ़ कमेटी के अनेक भक्तों ने भी अपने विचार रखे। अनेक वक्ताओं ने अपने संस्मरण साझा किए। संचालन ब्र. मनीष भैया जी व यशभानु जैन द्वारा किया गया। महिला मंडल बारां के द्वारा सजाई गई द्रव्य सामग्री द्वारा आचार्यश्री की पूजा की गई। इस मौके पर आर्यिका स्वस्ति भूषण माता जी ने कहा कि आचार्यश्री वहाँ से सोचना शुरू करते थे जहाँ हमारी सोच खत्म हो जाती है। वह सबको जोड़ लेते थे और स्वयं जुड़ जाते थे। आचार्यश्री बेजोड़ थे। वह जलते हुए दीपक थे जहाँ भी जाते थे उजाला कर देते थे। उनके आदर्शों पर चलने के लिए हम सभी संकल्पित हों। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**-डॉ सुनील जैन संचय, ललितपुर**

# 25 मार्च होली के दिन चन्द्र ग्रहण भारत मे दिखाई नहीं देगा



ग्वालियर (मनोज जैन नायक) होलिका दहन के दूसरे दिन फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा दिनांक 25 मार्च को कन्या राशि में मांद्य (उपच्छाया) चन्द्रग्रहण भारत मे दिखाई नही देगा। ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुम चंद जैन ने बताया कि भारत को छोड़कर यह ग्रहण भूमण्डल पर यह ग्रहण दक्षिण/ पश्चिम यूरोप,पूर्व एशिया आसब्ट्रेलिया व अफ्रीका के अधिकांश भाग उत्तरी व दक्षिणी अफ्रीका,अटलांटिक,आर्कटिक, अंटार्टिका में दिखाई देगा। भारतीय समय अनुसार चंद्र मालिन्य सुबह 10:23 बजे से मध्य दोपहर 12:43 बजे से समापन दोपहर 15:02 बजे पर होगा। भारत मे इस मांद्य (उपच्छाया) चन्द्रग्रहण का धार्मिक दृष्टि से कोई भी सूतक पातक मान्य नहीं होगा।

# अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का भव्य स्वागत






**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर प्रताप नगर सेक्टर 5 की सकल जैन समाज के अनन्य सहयोग से आज सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य ,जिनेन्द्र कुमार जैन परिवार को, प्रथम पालना झुलाने का सौभाग्य श्री वर्धमान महिला मंडल को, कुबेर बनने का सौभाग्य भागचंद साखुनिया परिवार को और प्रथम आरती करने का सौभाग्य श्रीमती बृद्धि देवी सुरेन्द्र कुमार जैन पाटोदी परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर रथ को प्रमुख मार्गो से भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान सभी ने अपने अपने घरों के बाहर भगवान की आरती की ।साथ ही संगीत के साथ में भक्ति का आनन्द उठाया।इस अवसर पर रत्न शिला स्थापना हेतु समाज जनों ने अपना आर्थिक सहयोग प्रदान किया ।कैलाश चंद जैन मलैया ने बताया कि यह अयोध्या शाश्वत तीर्थंकरों की जन्म भूमि है।यहां पांच तीर्थंकरों ने जन्म लिया है। 1-आदिनाथ 2-अजित नाथ 3-अभिनंदन नाथ 4-सुमति नाथ और 5- अनंतनाथ भगवान का जन्म, आज से करोड़ों बर्ष पूर्व हुआ था। आदिनाथ के पुत्र भरत चक्रवर्ती का भी जन्म अयोध्या में ही हुआ था।ऐसी पवित्र भूमि पर भव्य मंदिर निर्माण की सभी ने अनुमोदना की। हमारे भारत देश की आन-बान -शान अयोध्या नगरी है। इस नगरी के विकास हेतु जिन-जिन ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया है उन सब को बहुत बहुत धन्यवाद।

## महिला दिवस पर गेट टू गेदर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानसरोवर एक्सटेंशन में पत्रकार कॉलोनी रोड़ के पास विधानसभा नगर ए में स्थित कासा हाइट्स रेजीडेंसी में महिलाओं ने गेट टू गेदर कर महिला दिवस को सेलिब्रेट किया।इस अवसर पर महिलाओं के उत्थान और कामकाज की चर्चा की गई।साथ ही रोचक बातें और जानकारी सांझा की गई। संचालन सरिता गोधा ने किया।

## जगद्गुरु शंकराचार्य का दो दिवसीय प्रवास पर जयपुर आगमन आज

### सांसद निवास में पादुका पूजन का कार्यक्रम; नरेना में धर्मसभा को करेंगे संबोधित



**जयपुर. कासं।** जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' महाराज का दिव्य पदार्पण मंगलवार को राजस्थान के जयपुर में होना है। शंकराचार्य के आगमन पर सनातनियों ने विशेष तैयारियां की हैं। शंकराचार्य महाराज के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि शंकराचार्य महाराज का मध्यप्रदेश भोपाल से जयपुर दोपहर 01:25 बजे आगमन होगा। यहां शंकराचार्य का सैकड़ों सनातनी भक्तों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। स्वागत के बाद शंकराचार्य महाराज का पूर्व सांसद डॉ. प्रभा सिंह ठाकुर के श्याम नगर स्थित निवास पर आगमन होगा।यहां शंकराचार्य के पादुका पूजन ठाकुर परिवार द्वारा किया जाएगा और भक्त शंकराचार्य के दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद ले सकेंगे।

## 15 मई से 1 जून तक होगा धार्मिक व संस्कार शिविर आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज के आशीर्वाद एवं मुनि पुंगव सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से स्थापित श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अन्तर्गत संचालित श्री संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं छात्रावास के विद्वान व विदुषी संस्कार शिविर में शिक्षण देंगे। अधिष्ठात्री /राष्ट्रीय महिलाअध्यक्ष श्रीदिगम्बर जैन महासमिति श्रीमती शीला जैन डोड्या एवं निर्देशिका डॉक्टर वंदना जैन ने बताया कि श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति पूरे देश में 15 मई से 1 जून तक धार्मिक शिक्षण संस्कार शिविर आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान अंचल की अध्यक्षा श्रीमती शालिनी बाकलीवाल व धार्मिक मंत्री श्रीमती विनीता जैन बोहरा ने बताया कि शिविर में संस्थान के विद्वान और विदुषियों के द्वारा बालबोध प्रथम, बालबोध द्वितीय,बालबोध तृतीय, छहढाला भक्तामर स्तोत्र , द्रव्य संग्रह, सर्वार्थसिद्धि तत्वार्थ सूत्र, इष्टोपदेश, रत्नकरण्डक श्रावकाचार आदि ग्रंथों को पढ़ाया जाएगा।